नई जिम्मेदारी

दीपक कुमार श्रीवास्तव बनाए गए आईआईएम रांची के नए डायरेक्टर

रांची | आईआईएम रांची में प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव

को नया डायरेक्टर बनाया गया है। उन्होंने गुरुवार को प्रो. प्रदीप कुमार षाला से पदभार ग्रहण किया। प्रो. दीपक इससे पहले आईआईएम तिरुचिरापल्ली में डीन (अकादमिक) और रणनीति क्षेत्र में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। उनके पास बीस वर्षों से अधिक का शैक्षणिक अनुभव है। उन्होंने मैक्सिको, यूएसए, फिनलैंड में विजिटिंग टीचर व रिसर्च के क्षेत्र में काम किया है। राष्ट्रीय स्तर के कई संस्थानों के महत्वपूर्ण कमिटी में भी अपना योगदान दिया है।

Dainik Bhaskar_19.08.2022_Pg. 02